# अध्याय 3. संपूर्ण क्रान्ति

**लेखक परिचय**

लेखक - जयप्रकाश नारायण
बचपन का नाम- बाउल
बड़े होने पर - जेपी नाम से प्रसिद्ध
अपनी जनपक्षधरता के लिए- लोकनायक
जन्म -11 अक्टूबर 1902
निधन -8 अक्टूबर 1979
जन्म-स्थान - सिताब दियारा गाँव (U.P. के बलिया और बिहार के सारण जिला में फैला)
माता- फूलरानी
पिता- हरसूदयाल
पत्नी -प्रभावती देवी (प्रसिद्ध गाँधीवादी व्रजकिशोर प्रसाद की पुत्री)

**शिक्षा -**

(i) आरंभिक शिक्षा घर पर हुआ।
(ii) फिर पटना कॉलेजिएट, पटना में दाखिल हुए
(iii) असहयोग आंदोलन के कारण शिक्षा अधूरी छोड़ी।
(iv) 1922 में शिक्षा प्राप्ति के लिए अमेरिका गए वहाँ
कैलिफोर्निया, बर्कले, विस्किंसन-मैडिसन आदि विश्वविद्यालय से B.A, M.A., मार्क्सवाद एवं समाजवाद की शिक्षा ग्रहण किये।
(v) माँ की अस्वस्थता के कारण पी.एच. डी. नहीं कर सके और देश लौट आए ।

कृतियाँ - रिकंस्ट्रक्शन ऑफ इंडियन पॉलिटी
सम्मान / पुरस्कार- 1965 में समाज सेवा के लिए मैग्सेसे अवार्ड। और मरने के बाद 1998 में भारत रत्न से सम्मानित हुए ।

**राजनीतिक जीवन :-**

-1929 में काँग्रेस पार्टी में शामिल हुए ।
-1932 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान जेल गए।
-इनको एकबार फिर 'आपातकाल' के दौरान जेल जाना पड़ा।
-J.P. जी को ब्रिटिश शासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए 1930 में नासिक जेल में रखा गया।
-J.P. जी को कई जेलों में रखा गया था, लेकिन सबसे प्रमुख रूप से इन्हें "हजारीबाग सेंट्रल जेल" में कैद किया गया।
-फिर 1939 और 1943 में भी जेल गए ।

-इन्होंने 'काँग्रेस सोशलिस्ट पार्टी' के गठन में अहम भूमिका निभाएँ ।
-इनको 1942 के आंदोलन से विशेष प्रसिद्धि मिलि ।
-आजादी के बाद 1952 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के गठन में योगदान दिए ।
-1954 में विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन से जुड़े।
-1974 में छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया।
-इनके मार्गदर्शन में ही जनता पार्टी का गठन हुआ था।

**महत्वपूर्ण जानकारी**

1. जयप्रकाश नारायण को 'अमेरिका' का दलाल' कहा जाता है।
2. J.P. जी ने 1974 ई. में 'छात्र आंदोलन' का नेतृत्व किया था ।
3. छात्र आंदोलन का नेतृत्व स्वीकार करते समय J.P. जी की स्थिति 'बुढ़ापे और बीमारी' वाली थी।
4. दलविहीन लोकतंत्र मार्क्सवाद तथा लेनिनवाद का मूल उद्देश्य है।
5. जयप्रकाश नारायण जी को 'लोकनायक' कहा जाता है।
6. जयप्रकाश नारायण 1924 में मार्क्सवादी बने थे ।
7. 'बिहार में हिन्दी की वर्तमान स्थिति' विषय पर लेख के लिए 'J.P. जी' को सर्वोच्य पुरस्कार प्राप्त हुआ।
8. जे० पी० के पिताजी नहर विभाग में काम करते थे
9. सर्वोदय के संस्थापक विनोवाभावे थे |
10. मद्रास में जयप्रकाश नारायण ईश्वर अय्यर के यहाँ थे।
11. ब्रेन ऑफ़ बम्बे उमाशंकर को कहा गया है।
12. लेनिन 1924 ई० में मरे थे।
13. जे० पी० दलविहीन लोकतंत्र की स्थापना करना चाहते थे।
14. फ्री प्रेस के संस्थापक और मालिक सदानंद जी थे।
15. जे० पी० के पिता जी नहर विभाग में जिलादार थे |


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

16. नहर विभाग में जिलादार बनने के बाद जे० पी० पिता रेवेन्यु असिस्टेंट बने |
17. जे० पी० का सम्पूर्ण भाषण जन मुक्ति पुस्तक में संकलित

## सारांश

"संपूर्ण क्रांति" पाठ जयप्रकाश नारायण द्वारा रचित एक एतिहासिक भाषण है। जिसे 5 जून 1974 को पटना के गांधी मैदान में दिया गया था। इसमें उन्होंने छात्रों और जनता से शांति और अनुशासन के साथ क्रांति करने का आदेश दिये थे। इस भाषण में उन्होंने कहा कि जनता भूख, महंगाई, भ्रष्टाचार और अन्याय से बहुत परेशान है। शिक्षा मिलने के बावजूद भी लोग ठोकर खा रहे हैं। केवल नारे लगाने से गरीबी नहीं मिटेगी। बल्कि हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। उनका उद्देश्य दलविहीन लोकतंत्र स्थापित करना था। इसलिए वे शांति पूर्वक संघर्ष कर रहे थे। उनका लक्ष्य केवल सरकार से लड़ना नहीं था, बल्कि समाज के हर अन्याय, भ्रष्टाचार और अत्याचार के खिलाफ लड़ना था। यह संघर्ष बिल्कुल निर्दलीय था।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नः -

**1. जयप्रकाश नारायण का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**
(A) **11** अक्टूबर **1902** सिताब दियारा
(B) 1903 ई राँची
(C) 12 जून 1902 छपरा
(D) 11 मई सीवान

**2. जयप्रकाश नारायण प्रसिद्ध हुए।**
(A) जननायक (B) लोकनायक
(C) खलनायक (D) देवनायक

**3. जयप्रकाश नारायण के माता-पिता का नाम क्या था?**
(A) फूलरानी- हरसूदयाल (B) फूलमती हरखूदयाल
(C) फूल कुमारी हर खूदयाल (D) फूलरानी हरखूदयाल

**4. जयप्रकाश नारायण कांग्रेस में कब शामिल हुए?**
(A) **1929** ई० (B) 1930 ई०
(C) 1928 ई० (D) 1924 ई०

**5. जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आंदोलन में कब जुड़े?**
(A) **1954** ई० (B) 1955 ई०
(C) 1956 ई० (D) 1952 ई०

**6. जयप्रकाश नारायण की पत्नी का नाम क्या था?**
(A) प्रभावती (B) आभावती
(C) पदमावती (D) प्रेमावती

**7. जयप्रकाश नारायण पटना साईस कॉलेज के छात्र कब थे?**
(A) 1920 ई०। **(B) 1921** ई०
(C) 1923 ई० (D) 1924 ई०

**8. जयप्रकाश नारायण छात्र आंदोलन का नेतृत्व कब किया?**
(A) **1974** ई० (B) 1975 ई०
(C) 1976 ई० (D) 1980 ई०

**9. सम्पूर्ण क्रांति पाठ कहाँ से उद्धत है ?**
(A) गाँधी मैदान पटना में दिए भाषण
(B) कानपुर में दिए गए भाषण
(C) लखनऊ में दिए गए भाषण
(D) हजारी बाग में दिए भाषण

**10. जे० पी० कब मार्क्सवादी बने ?**
(A) **1924** ई० (B) 1925 ई०
(C) 1926 ई० (D) 1927 ई०

**11. जे० पी० के पिताजी किस विभाग में काम करते थे?**
(A) नहर विभाग (B) नलकूप विभाग
(C) शिक्षा विभाग (D) वन विभाग

**12. जयप्रकाश नारायण को मैगसेसे पुरस्कार कब मिला?**
(A) **1965** ई० (B) 1964 ई०
(C) 1960 ई० (D) 1968 ई०

**13. जयप्रकाश नारायण को भारत रत्न सम्मान कब मिला?**
(A) **1998** ई० (B) 1995 ई०
(C) 1975 ई० (D) 1976 ई०

**14. सर्वोदय के संस्थापक कौन थे ।**
(A) बिनोवाभावे (B) गाँधी जी
(C) नेहरू जी (D) सरदार पटेल

**15. जयप्रकाश नारायण रचित पाठ का नाम क्या है?**
(A) तिरिछ (B) सम्पूर्ण क्रांति (C) बातचीत (D) भाषण

**16.जयप्रकाश नारायण का निधन कब हुआ था**
(A)**1979**ई० (B)1978ई०.
(C)1975ई०.(D)1974ई०

**17 जयप्रकाश नारायण के बचपन का नाम क्या था**
(A)बाउल (B)मोनू (C) सोनू (D)विन्नू


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

**18** मद्रास में जयप्रकाश नारायण किसके यहां टीके
**(A)**ईश्वर अय्यर (B)रामनाथ © प्रेमशंकर (D)रविंद्र नाथ

**19.** ब्रेन ऑफ बॉम्बे किसे कहा गया है
(A)सदानंद **(B)**उमाशंकर (C) बेनीपुरी (D)दिनकर

**20.** लेनिन कब मरे ?
**(A) 1924 ई॰** (B) 1925 ई॰
(C) 1926 ई॰ (D) 1927 ई॰

**21.** जयप्रकाश नारायण को रेणु जीने क्या सुनाया ?
**(A)** कविता। (B) कहानी
(C) संस्थान (D) डायरी

**22.** जे॰ पी॰ कैसे लोकतंत्र की स्थापना करना चाहते थे?
**(A)** दलविहीन (B) विपक्षहीन
(C) चुनावहीन (D) सत्ताहीन

**23.** दिनकर जी को दिल का दौरा पड़ने पर कहाँ ले जाया गया
**(A)** बिलिंगडन इन नर्सिंग होम (B) खेमका नर्सिंग होम (C)इंडियन नर्सिंग होम (D) पारस नर्सिंग होम

**24.** जे॰ पी॰ के पिताजी क्या थे?
**(A)** ननगजेटेड अफसर (B) गजेटेड अफसर
(C) प्रोफेसर (D) नेता

**25.** जे॰ पी॰ को विरोधीजन कहाँ का दलाल कहते थे?
**(A)** अमेरिका। (B) रूस
(C) फ्रांस (D) जापान

**26.** फ्री प्रेस के संस्थापक और मालिक कौन थे?
**(A)** सदानंद जी (B) सम्प्यूणानंद जी
(C) विनोवाभावे (D) काका कालेलकर

**27.** जे॰ पी॰ के पिता जी नहर विभाग में क्या थे?
(**A)** जिलादार (B) चपरासी (C) क्लर्क (D) पहरेदार

**28.** जे॰ पी॰ कैसे लोकतंत्र की परिकल्पना करते थे?
**(A)** दलविहिन (B) दलयुक्त
(C) राजतंत्रीय (D) इनमें से कोई नहीं

**29.** नहर विभाग में जिलादार बनने के बाद जे॰ पी॰ के पिता क्या बने?
**(A)** रेवेन्यू असिस्टेंट (B) रेवेन्यू अफसर
(C) वकील (D) शिक्षक

**30.** दलविहीन लोकतंत्र किसके मूल उद्देश्यों में है?
(A) साम्यवाद (B) समाजवाद
(C) अधिनायकवाद **(D)** मार्क्सवाद तथा लेनिनवाद

**31.** रिकंस्ट्रक्शन ऑफ इंडियन पालिटी के लेखक का नाम क्या है?
**(A)** जयप्रकाश नारायाण (B) जवाहर लाल नेहरू
(C) मोती लाल नेहरू। (D) राजेन्द्र प्रसाद

**32.** जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति के लिए पटना में कब भाषण दिए था?
(A) 5 जून 1974 (B) 15 जून 1944 ई॰
(C) 8 जून 1974 **(D) 2 जून 1974** ई॰

**33.** जे॰ पी॰ का सम्पूर्ण भाषण किस पुस्तक में संकलित है ?
**(A)** जन मुक्ति (B) इंडियन पालियो
(C) मुक्ति संग्राम (D) सम्पूर्ण क्रांति

**34.** जे॰ पी॰ अध्ययन के लिए अमेरिका कब गए ?
**(A) 1922** ई॰ (B) 1923 ई॰
(C) 1924 ई॰ (D) 1925 ई॰

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः -

**1.** संघर्ष समितियों से जयप्रकाश नारायण की क्या अपेक्षाएँ हैं?

उत्तर- जयप्रकाश नारायण की संघर्ष समितियों से निम्न अपेक्षाएँ
(i) संघर्ष समितियाँ जनता या छत्रों की होगी।
(ii) उनका काम केवल शासन करना नहीं, बल्कि समाज के हर अन्याय के विरुद्ध लड़ना होगा।
(iii) गाँव में छोटे अफसर हो या बड़े कर्मचारी, घूसखोरी के खिलाफ अवाजे उठानी होगी।
(iv) गाँव के किसानों पर कोई अत्याचार नहीं करेगा।
(v) गाँव में हो रहे सभी अन्यायों को संघर्ष समितियाँ रोकेगी।

**2.** जयप्रकाश नारायण के छात्र जीवन और अमेरिका प्रवास का परिचय दें। इस अवधि में कौन-कौन सी बाते आपको प्रभावित करती है?

उत्तर- छात्र जीवन- जयप्रकाश नारायण की प्रारंभिक शिक्षा घर पर हुई। इसके बाद उन्होंने पटना "के कॉलेजिएट स्कूल" में पढ़ाई की, लेकिन असहयोग आंदोलन में शामिल होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी। बाद में उन्होंने "बिहार विद्यापीठ" से आई.एस.सी. पास किये।

अमेरिका प्रवास- जयप्रकाश नारायण के पिता जी बहुत गरीब थे, बेटे को अमेरिका भेजने में सक्षम नहीं थे। लेकिन जे. पी. सुने थे कि अमेरिका में छात्र मजदूरी करके पढ़ सकते हैं। इसलिए वे अमेरिका चले गए। वहाँ उन्होंने मजदूरी करके, "कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी" से समाजवाद और मार्क्सवाद का


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

अध्ययन किये। उनकी माँ बहुत बीमार थी, जिस कारण वे P.HD. पूरा नहीं कर सके और भारत लौट आए।

**3. चुनाव सुधार के बारे में जयप्रकाश जी के प्रमुख सुझाव क्या है? उन सुझावों से आप कितना सहमत है?**

उत्तर- चुनाव सुधार के बारे में जयप्रकाश जी के निम्न सुझाव है।

(i) मतदाता के लिए मतदान प्रक्रिया स्वच्छ और स्वतंत्र हो।

(ii) जनता को अपने प्रतिनिधि पर पूरा अधिकार हो।

(iii) चुनाव प्रक्रिया में कम से कम खर्च हो।

(iv) चुनाव के समय झूठा भाषण का प्रयोग ना हो।

(v) हमारा नेता वो काम करे जिससे लोकतंत्र का विकास हो।

**4. दलविहीन लोकतंत्र और साम्यवाद में कैसा संबंध है?[2024]**

उत्तर- दलविहीन लोकतंत्र और साम्यवाद में गहरा संबंध है। दोनों का उद्देश्य एक ऐसे समाज की स्थापना करना है जहाँ राजनीतिक दलों की आवश्यकता न हो और सभी जनता समान रूप से भाग लें सके। दलविहीन में ग्राम सभा के आधार पर प्रतिनिधि चुने जाते हैं। जबकि साम्यवाद में राज्य धीरे-धीरे खत्म हो जाता है और एक बिना दल वाला सच्चा लोकतांत्रिक समाज बनता है।

## सप्रसंग व्याख्यात्मक प्रश्न 4 अंक

**1. "व्यक्ति से नहीं हमें तो नीतियों से झगड़ा है, सिद्धानों से झगड़ा हैं, कार्यों से झगड़ा है।" 2019**

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति जयप्रकाश नारायण द्वारा रचित "संपूर्ण क्रांति" शीर्षक पाठ से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना हैं कि हमें इंदिरा गांधी (व्यक्ति) से नहीं, बल्कि उनके नीतियों से झगड़ा है, उनके सिद्धानों से झगड़ा हैं और उनके कार्यों से झगड़ा है। जो कार्य गलत होगी, जो पॉलिसी गलत होगी मैं उसका सदा विरोध करूगाँ।

**2. अगर कोई डिमक्रिसी का दुश्मन है, तो वे लोग दुश्मन हैं, जो जनता के शांतिमय कार्यक्रमो में बाधा डालते हैं, उनकी गिरफ्तारियाँ करते हैं, उन पर लाठी चलाते हैं, गोलियाँ चलाते हैं।**

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति जयप्रकाश नारायण द्वारा रचित "संपूर्ण क्रांति" शीर्षक पाठ से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना हैं कि उस समय सरकार की नीतियाँ गलत थीं, इसलिए मैं उनका आलोचना करता हूँ। जनता को शांति से सभा करने नहीं दिया जाता था, उन्हें बलपूर्वक रोका जाता था, उनपर लाठियों और गोलियाँ चलाई जाती थीं। ऐसे लोग लोकतंत्र के दुश्मन हैं।

## लघु उत्तरीय प्रश्नः -

**1. जयप्रकाश नारायण की पत्नी का क्या नाम था? वे किसकी पुत्री थी? [2019, 2021]**

उत्तर- जयप्रकाश नारायण की पत्नी का नाम प्रभावती देवी था। वे ब्रजकिशोर प्रसाद की पुत्री थी।

**2. जयप्रकाश नारायण किस प्रकार का नेतृत्व देना चाहते थे? [2018]**

उत्तर- जयप्रकाश नारायण कहते थे मुझे नेता नहीं बनना है। मैं दलविहीन लोकतंत्र की स्थापना करना चाहता हूँ। मुझे सामने खड़ा करके और कोई पिछे से 'डिक्टेट' करे। ये मुझे अच्छा नही लगता है।

**3. नारायण और नेहरू की किस विशेषता का उल्लेख जयप्रकाश नारायण ने अपने भाषण में किया है? 2011**

उत्तर- जयप्रकाश नारायण ने अपने भाषण में कहा की नारायण और नेहरू में एक विशेष महानता छिपी हुई थी। उनकी महानता यह था कि वे आलोचनाओं को बर्दाश्त करते थे। वें आलोचकों का सम्मान करते थे। वे सभी को समझा-वूझाकर साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे।

**4. जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुए? [2023]**

उत्तर- जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में इसलिए शामिल नहीं हुए, क्योंकि वे अमेरिका प्रवास के दौरान घोर कम्युनिस्ट थे। अतः वे देश लौटे तो अंग्रेजों को भगाने के लिए कांग्रेस में शामिल हो गए।

**5. वैधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है? [2023]**

उत्तर- इसका लक्ष्य है- जनता की सरकार के खिलाफ और शोषितों की शोषकों के खिलाफ मुट्ठी बांधना। और उसे इस धरती से मार भगाना।

**6. जयप्रकाश नारायण के अनुसार डेमोक्रेसी का शत्रु कौन है? [2018]**

उत्तर- जयप्रकाश नारायण के अनुसार डेमोक्रेसी के शत्रु वे लोग हैं, जो जनता के कार्यों में बाधा डालता है, उनकी गिरफ्तारी करते हैं, उनपर लाठी व गोली चलाते है।

**7. भ्रष्टाचार की जड़ क्या है? क्या आप जे.पी. के विचार से सहमत हैं? इसे दूर करने का क्या सुझाव देंगें?**


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.